SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Term 1 Cass-notes
Subject: HINDI

CLASS: 6 L.No. 5 शब्द –मंजूषा (व्याकरण)
Prepared by:DEEPIKA MEHRA DATE-

१) पर्यायवाची शब्द – समान अर्थ बताने वाले शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थक शब्द कहते हैं |

जैसे - पिता – जनक , अब्बा , जन्मदाता

बालक – बच्चा , शिशु , लड़का

२) विलोम शब्द – किसी शब्द का विलोम या विपरीत अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम या उलटे अर्थ वाले शब्द या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं |

जैसे – कम –ज़्यादा

नवीन – प्राचीन

३) अनेकार्थक शब्द – विश्व में प्रचलित अनेक भाषाएँ जिनके एक शब्द से दो या दो से अधिक अर्थ निकलते हैं और यह अर्थ उस शब्द के प्रयोग के आधार पर निश्चित किए जाते हैं | इन्हीं शब्दों को अनेकार्थक शब्द कहते हैं |

जैसे - अर्थ – धन , मतलब , व्याख्या , प्रयोजन

मित्र – सूर्य , दोस्त , वरूण

४) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द – भाषा में कई शब्दों के स्थान पर एक शब्द बोलकर हम भाषा को प्रभावशाली और आकर्षक बनाते है |

जैसे – जिसकी तुलना न की जा सके – अतुलनीय

साथ पढ़ने वाला – सहपाठी

५) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द – वे शब्द जो सुनने और उच्चारण करने में समान प्रतीत हो , किंतु उनके अर्थ भिन्न – भिन्न हो श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं |

जैसे –आचार – खाने की वस्तु

आचार – व्यवहार

६) ध्वनिबोधक शब्द - ऐसे शब्द जो किसी वस्तु या प्राणी द्वारा उत्पन्न ध्वनि को प्रकट करें , ध्वनिबोधक शब्द कहलाते हैं |

जैसे – चिड़िया – चहचाहाना

कौआ – काँव – काँव

७) समूहवाची शब्द - ऐसे शब्द जो किसी समूह या समुदाय का बोध कराते हैं अर्थात किसी शब्द विशेष के अंदर अनेक एक जैसी वस्तुओं का भाव छिपा होता है ,समूहवाची शब्द कहलाते हैं |

जैसे – बेड़ा – जहाज़ों का

भीड़ – मनुष्यों का

८) शब्द –युग्म - कथन को प्रभावशाली बनाने के लिए एक ही शब्द का बार – बार प्रयोग किया जाता है,ऐसे शब्दों को शब्द युग्म कहते हैं |

जैसे – क्या –क्या

पीछे – पीछे